आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 09.11.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- उत्तराखंड का 24वां स्थापना दिवस आज सादगी के साथ मनाया गया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकास के क्षेत्र में उत्तराखंड की महत्वपूर्ण उपलब्धियों की सराहना की।
- श्री मोदी ने राज्य में आने वाले पर्यटकों और तीर्थयात्रियों से उत्तराखंड को स्वच्छ बनाए रखने का आह्वान किया।
- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने युवाओं को सभी प्रकार के नशे से दूर रखने में सभी से सहयोग की अपील की।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं की प्रभावी रोकथाम के लिए विभिन्न विभागों को साथ लेकर एक समग्र नीति बनायी जायेगी।

उत्तराखंड स्थापना दिवस–01

उत्तराखंड का 24वां स्थापना दिवस आज सादगी के साथ मनाया गया। इसके साथ ही उत्तराखंड की रजत जयंती वर्ष का शुभारम्भ हो गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को स्थापना दिवस की शुभकामनांए दी हैं।

एक वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड देश का अग्रणी राज्य बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। श्री मोदी ने विकास के क्षेत्र में उत्तराखंड की महत्वपूर्ण उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

श्री मोदी ने उत्तराखंड के लोगों से क्षेत्रीय बोलियों को संरक्षित रखने और राज्य में आने वाले पर्यटकों तथा तीर्थयात्रियों से उत्तराखंड को स्वच्छ रखने का आह्वान किया।

उत्तराखंड स्थापना दिवस–02

राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह का आयोजन देहरादून के रेस कोर्स और चमोली जिले के भराड़ीसैंण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने देहरादून में रैतिक परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने युवाओं को हर प्रकार के नशे और ड्रग्स की आदतों से दूर रखने के लिए सभी वर्गों से सहयोग की अपील की।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, वित्तीय समावेश, सामाजिक सुरक्षा से जुड़े हर एक क्षेत्र में बहुत बड़ा बदलाव आ रहा है।

समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में 50 और उससे अधिक जनसंख्या वाले सभी गाँवों को वर्ष 2030 तक सड़क मार्ग से जोड़ा जाएगा। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की प्रभावी रोकथाम के लिए विभिन्न विभागों को साथ लेकर एक समग्र नीति बनायी जायेगी।

श्री धामी ने कहा कि राज्य के प्रवासियों के लिए सालाना नवंबर माह में ''राष्ट्रीय उत्तराखंडी प्रवासी दिवस'' आयोजित किया जायेगा। साथ ही जनवरी में विदेशों में रहने वाले उत्तराखण्डियों के लिए ''अन्तराष्ट्रीय उत्तराखण्डी प्रवासी दिवस''का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम में राज्यपाल ने विशिष्ट सेवाओं के लिए 'राष्ट्रपति पुलिस पदक' और 'पुलिस पदक' प्राप्त पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया।

<u>उत्तराखंड स्थापना दिवस–03</u>

उत्तराखंड की रजत जयंती के अवसर पर भराडीसैंण में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने सिमली में महिला बेस अस्पताल को पूर्ण बेस अस्पताल बनाने की घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पिछले 24 सालों में प्रदेशवासियों के सहयोग से हर क्षेत्र में राज्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। श्री धामी ने कहा कि ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है। जल्द ही पहाड़ में रेल का सपना साकार होने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमांत क्षेत्रों के लिये मुख्यमंत्री सीमांत क्षेत्र विकास योजना शुरू की गई है। वाईब्रेंट विलेज योजना से उत्तराखण्ड के सीमावर्ती गांवों का विकास किया जा रहा है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 47 राज्य आंदोलनकारियों को पुष्प माला व शाल भेट कर सम्मानित किया।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर देहरादून के कचहरी स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर उत्तराखण्ड राज्य आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

<u>उत्तराखंड स्थापना दिवस–04</u>

राज्य स्थापना दिवस पर प्रदेश के सभी जिलों में स्वच्छता ही सेवा, खेल–कूद सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नई टिहरी मुख्यालय में आयोजित राज्य स्थापना दिवस समारोह में वित्त मंत्री प्रेम चन्द अग्रवाल ने 33 सदस्यीय ग्रामीण बुजुर्गो के दल को हरी झण्डी दिखाकर श्री बद्रीनाथ धाम के लिए रवाना किया। इस दौरान टिहरी जिले के प्रभारी मंत्री ने 58 उत्तराखण्ड आंदोलनकारियों को सम्मानित किया।

वहीं, उत्तरकाशी जिले में आयोजित समारोह में राज्य आंदोलनकारियों और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान ने कहा कि जनांदोलन व शहीदों के बलिदान के फलस्वरूप गठित उत्तराखंड राज्य के गठन के बाद प्रदेश में अभूतपूर्व विकास हुआ है।

उधर, चम्पावत जिले में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिले के गौरलचौड मैदान में अधिकारियों–कर्मचारियों और स्थानीय लोगो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सम्बोधन को सुना। इस अवसर पर विभिन्न विभागों ने केंद्र व राज्य की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही जिलाधिकारी ने राज्य आंदोलनकारियों को सम्मान कर उन्हें परिचय पत्र वितरित किये।

## आयुष और वेलनेस

भारतीय चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष डॉ. जे. नौटियाल ने कहा है कि प्रदेश में आयुष और वेलनेस के क्षेत्र में अपार संभावनाएँ हैं। डॉ नौटियाल ने उत्तरकाशी जिले में स्थित भागवत शिक्षण संस्थान और मंजीरा देवी मीणा आयुर्वेदिक कॉलेज के निरीक्षण के दौरान ये बात कही। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे उत्तरकाशी स्थित पंचकर्म यूनिट से चिकित्सा सेवाओं का लाभ लेने के साथ ही पंचकर्म में डिप्लोमा करके रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

## नगर निकाय चुनाव

प्रदेश में नगर निकाय चुनाव होने को हैं। इसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग तैयारियों में जुट गया है। इस कड़ी में राज्य चुनाव आयुक्त के निर्देश पर पौड़ी के जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने नगर निकायों के अध्यक्ष और सदस्य पदों पर निर्वाचन कराए जाने के लिए रिटर्निंग अधिकारियों की तैनाती कर दी है।

## बैलेट प्रशिक्षण

निर्वाचन आयोग ने केदारनाथ विधानसभा उप चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में आज दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराने के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक ने सभी उपस्थित माइक्रो ऑब्जर्वर को उनके नैतिक दायित्वों के साथ ही पोस्टल बैलेट के माध्यम से होने वाले मतदान की जानकारी से अवगत कराया।

रेलवे

पूर्वी मध्य रेलवे छठ पूजा के बाद बिहार से वापस आने वाले यात्रियों के लिए कल से अगले पन्द्रह दिन के दौरान 446 विशेष रेलगाडियों का संचालन करेगा। आकाशवाणी के साथ बातचीत में रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि इस वर्ष यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पिछले वर्ष की तुलना में 70 से अधिक अतिरिक्त रेलगाडियां चलाई जा रही हैं।